# KRISHI VIGYAN KENDRA, KUMHER-BHARATPUR

DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION

(SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)

Dr. Navab Singh
Senior Scientist & Head

Mob- 91-9414544054
E mail- pc.kvk.kumher@sknau.ac.in


क्रमांकः एफ (LT)/Store/KVK/K/2024/851 दिनांकः 20.08.2024

## सीमित निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) के वित्तीय वर्ष 2024–25 में हिस्सा आधारित खेती के कार्य के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/ फार्मो / सेवाप्रदाता संस्थाओं / कृषकों, जिनके पास पैन कार्ड व आधार कार्ड हो से दिनांक 31.08.2024 को निर्धारित प्रपत्र में सुबह 10:30 बजे तक सीलबन्द निविदाएँ आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की सभी शर्ते कार्यालय दिवस में निविदा शुल्क रू0 200/– कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट व बैंकर चैक द्वारा ही भुगतान कर दिनांक 31.08.2024 **को सुबह** 10:30 **बजे** तक प्राप्त किये जा सकते है अथवा www.sknau.ac.in एवं sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 31.08.2024 **को सुबह 11:00 बजे तक जमा होगी**। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष केन्द्र की कमेटी द्वारा खोली जावेगी। निविदा को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

| | कार्य विवरण | अनुमानित राशि (रू) | धरोहर राशि (रू) |
|---|---|---|---|
| 1. | फार्म की (12 से 15 हैक्टेयर कृषि भूमि पर रबी 2023–24) में हिस्सा आधारित खेती का कार्य | 1.99 लाख | 10000 |

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय,श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. श्रीमान वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
4. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाशाखा/.......................................................।
5. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय वेबसाइटwww.sknau.ac.inवhttp://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।
6. मैसर्स.......................................................
7. मैसर्स.......................................................
8. मैसर्स.......................................................
9. कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
10. कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर (भरतपुर) के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
11. कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
12. पंचायत समिति कुम्हेर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
13. फार्म प्रबन्धक, केवीके कुम्हेर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
14. फार्म प्रभारी, केवीके कुम्हेर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
15. रक्षित फाइल

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

# कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर)

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

## हिस्सा आधारित खेती हेतु

### खुली निविदा प्रपत्र नं0 01

क्रमांकः एफ (LT)/Store/KVK/K/2024/851 दिनांकः 20.08.2024

| | |
|---|---|
| 1. योजना का नाम | हिस्सा आधारित खेती |
| 2. बजट हैड | रिवोल्विंग फण्ड |
| 3. कार्य की अनुमानित अवधि | रबी वर्ष 2024–25 |
| 4. निविदा फार्म का मूल्य | 200/– रूपये बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक |
| 5. धरोहर राशि की प्रकृति व राशि | धरोहर राशि 10000/– रूपये |
| 6. अनुमानित लागत | 1.99 लाख |
| 7. प्रपत्र क्रय करने की दिनांक व समय | 31.08.2024 सुबह 10:30 बजे तक |
| 8. प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | 31.08.2024 सुबह 11:00 बजे तक |
| 9. निविदा खोलने की दिनांक व समय | 31.08.2024 सुबह 11:30 बजे |
| 10. परिशिष्ट संख्या एक से चार | निविदा की शर्तें |
| 11. परिशिष्ट संख्या चार – पृष्ठ संख्या पॉच | फसल व हिस्सेदारी का विवरण |
| 12. पत्राचार हेतु पता–वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) | 05644– 222438 (आवास)<br>मोबाईल नं0–9414544054 |

निविदादाता के हस्ताक्षर

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

# कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर)

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

## हिस्सा आधारित खेती हेतु

### तकनीकी निविदा प्रपत्र वर्ष 2023–2024

क्रमांकः क्रमांकः एफ (LT)/Store/KVK/K/2024/851 दिनांकः 20.08.2024

फर्म का नाम व पता मय दूरभाषः– ..............................................................

1. धरोहर राशि रू0 10000/– को डी0डी0 सं0/बी0सी0 सं0..............................दिनांक ...............।
2. पैन नं0 ................................................ **(फोटोप्रति संलग्न करें)**
3. आधार संख्या ............................................ **(फोटोप्रति संलग्न करें)**
4. शर्तो पर सहमति हेतु हस्ताक्षर मय सील ।
5. सफल निविदादाता को 100/– रूपये का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र करना होगा।
6. निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष रहेगा।
7. बिल का भुगतान कार्य पूरा होने के पश्चात् कोष कार्यालय जोबनेर के पास होने के बाद किया जावेगा।
8. निविदा सील बन्द लिफाफे में कर जमा की जावेगी, तथा तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में स्वीकार किया जायेगा।
9. अमानत राशि पर संस्था द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

नोटः प्रपत्र–स निविदा फार्म के साथ भरकर संलग्न करें।

**हस्ताक्षर ठेकेदार**

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

निविदा शर्तें:–

| | |
|---|---|
| 1. | प्रस्तावित निविदा सीलबन्द लिफाफे में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) को प्रेषित होनी चाहिए। |
| 2. | प्रस्तावित हिस्सेदारी प्रतिशत फसल के सामने स्पष्ट लिखकर देनी होगी। किसी भी प्रकार की कांट छांट होने पर निविदा स्वीकार नहीं होगी। |
| 3. | टैक्ट्रर संबंधी कार्य तथा डिस्क प्लाउ, हैरो, कल्टीवेटर द्वारा भूमि तैयारी कार्य, सीड़ ड्रिल द्वारा बुवाई, फर्टीलाईजर ड्रिलिंग कार्य आदि हेतु ट्रेक्टर एवं मशीन/यंत्र की व्यवस्था केन्द्र द्वारा ही की जावेगी अर्थात् इनसे संबंधित डीजल खर्च में निविदादाता का कोई योगदान नहीं रहेगा। |
| 4. | बुवाई के दौरान एवं फसल वृद्धि के दौरान लगने वाले बीज, खाद एवं उर्वरक, फफूंदीनाशक, कीटनाशक कल्चर आदि की आपूर्ति केन्द्र द्वारा ही की जायेगी व प्रभारी अधिकारी की सिफारिश के अलावा देय नहीं होगा। |
| 5. | निविदादाता को सिंचाई संबंधी पाईप, फव्वारे बेड, टी, डाट आदि गिनकर लिखित रूप में प्राप्त करने होंगे तथा कार्य समाप्त होने तक सारी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी एवं उतनी ही संख्या में गिनकर ही लौटाने होंगे, नहीं लौटाने पर इनकी कीमत चुकानी पड़ेगी। |
| 6. | विभिन्न प्रकार की शस्य क्रियायें फार्म मैनेजर व प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार करनी होगी तथा समस्त श्रमिक व्यय एवं लगने वाले औजारों की व्यवस्था निविदादाता को ही वहन करनी होगी। |
| 7. | फार्म पर कृषि कार्यो के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने, सांप काटने, बिजली से व अन्य किसी उपकरणों से या लापरवाही से दुर्घटना होने पर प्रभारी अधिकारी व केन्द्र की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 8. | फार्म पर फसल सुरक्षा हेतु बाड़ लगाने का कार्य निविदादाता को ही करना होगा। केन्द्र अलग से कोई भुगतान नहीं करेगा। |
| 9. | निराई, गुडाई, थ्रेसिंग तथा संबंधित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए निविदादाता को करने होंगे। प्रतिकूल मौसम होने पर उक्त कार्य रोके जाने का अधिकार फार्म मैनेजर व प्रभारी अधिकारी को होगा। |
| 10. | थ्रेसिंग पश्चात् बोरियों में भरते समय ध्यान रखें कि किसी भी बोरी का वजन 50 किलो से अधिक नहीं हों। |
| 11. | थ्रेसिंग के बाद फसल उत्पादन को खलिहान से गोदाम तक लाने के लिए फार्म के द्वारा टैक्ट्रर–ट्रोली उपलब्ध करवा दी जावेगी। |
| 12. | ट्यूब बैल के विद्युत बिल का भुगतान केन्द्र फार्म द्वारा वहन किया जावेगा। अन्य साधान से सिंचाई करने पर व्यवस्था निविदादाता स्वयं को करनी होगी। |
| 13. | फार्म कार्य संतोषजनक नहीं होने पर निविदा को निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा जो कि कॉन्ट्रेक्टर (निविदादाता) को मान्य होगा। |
| 14. | आवास की व्यवस्था निविदादाता को ही करनी होगी। कार्यालय द्वारा कोई सुविधा देय नहीं होगी। |
| 15. | फार्म पर बुवाई क्षेत्र के आस–पास खरपतवार व अन्य अवांछित पौधे निकालने की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। पौधे नहीं निकालने पर लगने वाली मजदूरी का भुगतान निविदादाता से वसूला जावेगा। |
| 16. | निविदादाता को प्रत्येक पेज पर हस्ताक्षर करने होंगे। |
| 17. | प्रथम वरियता प्राप्त पार्टी द्वारा कार्य नहीं संभालने पर ठेका निरस्त करके अगली वरीयता पार्टी को कार्य का आदेश प्रभारी अधिकारी दे सकेंगे। अनुबंध की अवधि आदेश की तारीख से एक साल तक के लिए मान्य होगी। अनुबंध की अवधि कार्य संतोषजनक होने पर आपसकी सहमति में अगले एक साल के लिए और बढ़ाई जा सकती है। |
| 18. | निविदादाता की कोई शर्त मान्य नहीं होगी तथा निविदादाता या उसके मजदूर केन्द्र/ फार्म पर मदिरा एवं अन्य किसी भी नशाले पदार्थो का उपयोग नहीं करेगा और न ही किसी मजदूर को उपयोग करने देगा। |
| 19. | फार्म क्षेत्र में लगे सभी उपकरण व सामान जिसमें मौसम वेदशाला, स्प्रिंगकिलर सिस्टम, पॉली हाउस, नैट हाउस, समर सेबिल व फील्ड में लगे चारों तरफ के पेड़ों की चौकीदार करनी होगी। |
| 20. | फार्म फील्ड पर यदि रबी सीजन में किसी भी फसल की ट्रायल लगायी जाती है तो जानवरों से उस फसल की सुरक्षा भी निविदादाता को ही करनी होगी। |
| 21. | जिस भी क्षेत्र में रबी फसल बोयी जायेगी उस क्षेत्र के खेतों में लगे छोटे–बड़े फल आदि के पेड़ पौधे की सुरक्षा भी निविदादाता को ही करनी होगी। |

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| 22. | फार्म में बेर, बाग अनार, अमरूद व ऑवले के पेड़ों की सुरक्षा जानवरों से करनी होगी। अगर इन सब पेड़ों का ठेका किसी अन्य ठेकेदार को कर दिया जाता है तो इन पेड़ों की जिम्मेदारी दूसरे निविदादाता की होगी। लेकिन ठेका होने से पहले व ओर्चर्ड बाग का ठेका समाप्त होने के बाद इनकी सुरक्षा फार्म फील्ड चौकीदार को करनी होगी। **साथ ही यह** देखना होगा कि कोई जानवर इस ओंचार्ड में प्रवेश न करें। क्योंकि कोई भी जानवर खेतों में ही होकर हमारे फार्म फील्ड में घुसता है। |
| 23. | निविदा भरने से पूर्व समस्त शर्तो को ध्यान पूर्वक पढ़े व प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करें। |
| 24. | सफल निविदादाता द्वारा धरोहर राशि 10000/– रूपये नकद जमा करानी होगी। जिस पर किसी भी प्रकार की ब्याज देय नहीं होगी। |
| 25. | फार्म पर 14 हैक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें कि रबी फसल के लिए 12–15 हैक्टेयर कृषि भूमि है। जिसका क्षेत्रफल आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। |
| 26. | यह ठेका रबी वर्ष 2024–25 के लिए कार्यालय आदेश जारी होने के फसल फार्म फील्ड में से उठने तक के लिए मान्य होगा। फसल फील्ड में से उठने तक की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 27. | वजन तोलते, समय नमी, कचरा, ट्रान्सपोर्टेशन लोस व स्टोर लॉस के लिए एक प्रतिशत तक कुल वजन में से लगभग अनुसार काटा जावेगा। |
| 28. | जुताई हेतु ट्रैक्टर सभी यन्त्र, डीजल आदि व्यवस्था केन्द्र द्वारा की जायेगी। सिंचाई हेतु इंजन, पाईप डीजल इत्यादि केन्द्र उपलब्ध करायेगा। |
| 29. | बुवाई के दौरान एवं फसल वृद्धि के दौरान लगने वाले बीज, खाद एवं उर्वरक, फफूंदीनाशक, कीटनाशक, कल्चर आदि की पूर्ति केन्द्र द्वारा की जावेगी। |
| 30. | बुवाई से लेकर थ्रेसिंग तक की प्रक्रिया में लगने वाले श्रमिक व्यय निविदादाता को ही वहन करना होगा। |
| 31. | स्वीकृत निविदादाता को सिंचाई संबंधी डीजल, ईंजन, पम्पसैट, पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापिस जमा कराना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वयं ठेकेदार को ही करनी होगी। |
| 32. | थ्रेसिंग के बाद प्राप्त होने वाले बीज उत्पाद के बंटवारे के बाद ठेकेदार को राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फसल निकालने के समय जो भी समर्थन मूल्य होगा उसके हिसाब से एवं जिन फसलों का समर्थन मूल्य निर्धारित नहीं हुआ हो तो उन फसलों का फसल काटने के समय कृषि उपज मण्डी के 7 दिनों के औसत भाव के आधार पर या केन्द्र द्वारा विक्रय किये केवीएसएस दर पर उस हिस्से के उत्पाद का चैक द्वारा भुगतान कर दिया जायेगा। ठेकेदार के भुगतान के उपरान्त केन्द्र अपने उत्पाद को किसी भी रूप में बेचे इसमें ठेकेदारों को कोई आपत्ति नहीं होगी। |
| 33. | ठेकेदार को फसल कटाई के बाद कटी हुई फसल को कहाँ इकट्ठा करना है व कितने ढेर बनाने है। इसके लिए फार्म प्रबन्धक से सम्पर्क करना होगा व फसल इकट्ठा करने हेतु प्रतिकूल मौसमीय परिस्थिति को देखते हुए फार्म प्रभारी व प्रबन्धक से सम्पर्क करना होगा व फसल इकट्ठा करने हेतु प्रतिकूल मौसमीय परिस्थिति को देखते हुए फार्म प्रभारी व प्रबन्धक के निर्णय के अनुसार व कार्यशीघ्रता से करना होगा। फसल इकट्ठा करने हेतु ट्रैक्टर–टॉली केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा। |
| 34. | निराई, गुड़ाई, थ्रेसिंग, दवाओं का छिड़काव/ भुरकाव व अन्य संबंधित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए निविदादाता को करना होगा । प्रतिकूल मौसम होने पर कार्य रोके जाने अथवा जारी रखने व परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने का अधिकार फार्म प्रभारी/ फार्म प्रबन्धक का होगा। |
| 35. | फसल की थ्रेसिंग के पश्चात् साफ किये दाने को बोरियों में भरकर, तोलकर गोदाम में पहुँचाकर धांग लगानी होगी। अगर थ्रैसिंग करते समय बोरियों में कचरा पाया जाता है तो कमेटी एवं स्टोरकीपर द्वारा समस्त माल को साफ करवाकर पुनः वजन कर बोरियों में भरवाया जावेगा। जिसकी मजदूरी संबंधी समस्त जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की ही होगीं। |
| 36. | थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले लेवर का सभी खर्चा स्वयं ठेकेदार का होगा। |
| 37. | थ्रेसिंग के बाद फसल उत्पाद को खलिहान से गोदाम तक लाने हेतु टैक्ट्रर–ट्रॉली केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जावेगी। |
| 38. | फसल में रोगिंग/ अवांछित पौधों को निकालने का कार्य फार्म प्रभारी/ फार्म प्रबन्धक की देखरखे में अलग–अलग समय पर करना होगा। |
| 39. | बोरिंग, पम्प, ईंजन, पंखा इत्यादि का ऑपरेशन निविदादाता को ही करना होगा एवं उसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की ही होगी। |
| 40. | श्रमिकों को लाने, ले जाने, पानी लाने व अन्य श्रमिक क्षति होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 41. | फसल की दिन व रात्रि चौकीदारी निविदादाता की होगी व निविदादाता को दिन व रात्रि में अपना चौकीदार रखना अनिवार्य होगा। |
| 42. | निविदादाता को सभी कार्य समय पर फार्म प्रभारी/ प्रबन्धक की मॉग अनुसार कराने होंगे यदि कोई कार्य समय पर नहीं कराया गया या प्रभारी अधिकारी, कार्य से संतुष्ट नहीं हुए तो उस स्थिति में कार्य कार्यालय द्वारा करा लिया जायेगा व भुगतान ठेकेदार को करना होगा या अन्य कार्यवाही भी की जा सकती है। |

**Senior Scientist & Head**
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| 43. | जिसके नाम हिस्सा बटाई का ठेका छूटेगा उसी व्यक्ति को आदेश मिलने के बाद से ही निविदा की शर्तो के अनुसार फार्म फील्ड की चौकीदारी का कार्य भी संभालना होगा। जो कि रबी फसल खेत में से उठने तक मान्य होगा। |
| 44. | किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। |
| 45. | थ्रेसिंग का कार्य सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक किया जावेगा। |
| 46. | सफल निविदादाता को 100/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर समस्त शर्तो के तहत कार्य करने व ठेकेदार द्वारा लगाये गये श्रमिकों की पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी ऐसा लिखकर दो गवाहों के हस्ताक्षर करवाकर प्रस्तुत करना होगा। |
| 47. | निविदादाता अगर कोई कार्य फार्म प्रभारी/ फार्म प्रबन्धक के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य नहीं करता है तो अगले दिन कार्यालय स्वयं मजदूर लगाकर कार्य को करवा लिया जावेगा। जिसका भुगतान ठेकेदार के अन्तिम भुगतान में से काट लिया जावेगा। |
| 48. | किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। |
| 49. | समस्त कार्य पूर्ण होने पर प्रभारी अधिकारी को कार्य से संतुष्ट होने पर ही हिस्सेदारी का अन्तिम भुगतान किया जा सकेगा। |
| 50. | निविदादाता सम्पूर्ण फसल मौसम में श्रमिकों का भुगतान स्वयं करेगा। |
| 51. | अनुमोदित निविदादाता को कार्यादेश जारी किये जाने से पूर्व निविदा स्वीकृति के सात दिवस में रू0 100/– नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध निष्पादित कराना होगा व अमानत राशि 10000/–जमा करवानी होगी। |
| 52. | केन्द्र के पास 14 हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें ग्वार, ढैंचा, सरसों, चना, जौ, मसूर, मैथी, गेंहू, सौंफ एवं मौसम के अनुसार फसल का क्षेत्रफल बढ़ाया अथवा घटाया भी जा सकता है। |
| 53. | समस्त निविदादाता अपने मूल पते सहित फोटो पहचान पत्र व पैन कार्ड की सत्यापित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करें। |
| 54. | अन्तिम भुगतान हेतु ठेकेदारों को सभी श्रमिकों का कार्य का भुगतान कर देने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। |
| 55. | इन सभी कृषि कार्यो हेतु किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा। |
| 56. | यह ठेका किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया जावेगा तथा जिसके नाम ठेका है कार्य उसी व्यक्ति को करना होगा। |
| 57. | अमानत राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। |
| 58. | किसी प्रकार के प्राकृतिक नुकसान के लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें केन्द्र किसी प्रकार की आर्थिक सहायता देने के लिए बाध्य नहीं होगा। |
| 59. | निविदादाता के मजदूर व स्वयं फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नही करेंगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे। |
| 60. | कोरोना महामारी (कोविड–19) के मध्यनजर, श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के साथ टीकाकरण, सामाजिक दूरी, मास्क, सेनेटाईजर एवं आवश्यक साधन/सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। |
| 61. | कोरोना महामारी (कोविड–19) के सम्बन्ध में भारत/राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी होने वाले समस्त दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। |
| 62. | मैनें उपरोक्त सभी शर्तो को पढ़ लिया है एवं समझ लिया है एवं मैं उपरोक्त शर्तो के अनुसार हिस्सा बटाई की खेती करने हेतु सहमत हूँ। |

हस्ताक्षर ठेकेदार

Senior Scientist & Head
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

# कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर–भरतपुर

क्रमांकः क्रमांकः एफ (LT)/Store/KVK/K/2024/851

दिनांकः 20.08.2024

खुली निविदा हेतु वांछित दस्तावेजात की सूची निम्न प्रकार संलग्न करें

| क्र.सं. | आवश्यक दस्तावेजात का विवरण | संलग्न सूची कमांक |
|---|---|---|
| 1. | आयकर (पैन कार्ड) | |
| 2. | ब्लेक लिस्ट न होने का घोषणा प्रपत्र | |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क रुपये 200/– का डी.डी.संलग्न | |
| 4. | अमानत राशि रुपये 10000/– का डी.डी. संलग्न | |
| 5. | शर्तो पर सहमति पत्र | |
| 6. | आधार कार्ड | |
| 7. | बैंक पासबुक/केन्सिल चैक बुक | |
| 8. | संतोषजनक कार्य करने का प्रमाणपत्र | |

नोटः– उपरोक्त वांछित दस्तावेजात के अभाव में निविदा अनुत्तरदायी माना जावेगा एवं उसकी निविदा पर विचार नही किया जावेगा। अनुत्तरदायी होने पर फर्म की वित्तीय निविदा को नही खोला जावेगा। उपरोक्त दस्तावेज सूची अनुसार तकनीकी प्रपत्र के साथ आवश्यक रुप से संलग्न करें।

निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर
तिथि पूर्ण पता एवं मोबाईल नम्बर

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर)

Scanned with OKEN Scanner

## निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं, कि हमने जिन कार्यालय में कार्य किया है विगत 3 वर्षो में किसी भी कारण से हमें किसी भी सरकारी विभाग/उपक्रम/कम्पनी द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है।

हम यह भी घोषणा करते है कि हमें किसी भी न्यायालय द्वारा सामान प्रदायगी में कोई वाद लम्बित नहीं है तथा इस विषयान्तर्गत हमें किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट संख्या – 1

# निविदादाता द्वारा किये जाने वाले कार्य व प्रतिशत हिस्सा का विवरण

## वित्तीय निविदा प्रपत्र–1

क्रमांकः एफ (LT)/Store/KVK/K/2024/851 दिनांकः 20.08.2024

| क्र0 सं0 | फसल | विवरण | निविदादाता द्वारा प्रस्तावित स्वंय हिस्सेदारी प्रतिषत | ठेकेदार द्वारा अन्य कोई षर्त |
|---|---|---|---|---|
| रबी फसल 2024–2025 | | | | |
| 1. | सरसों | 1. दाना | | |
| | | 2. तूडी | | |
| 2. | जौं | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 3. | गेहूँ | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 4. | चना | 1. दाना | | |
| | | 2. खारी | | |
| 5. | मसूर | 1. दाना | | |
| | | 2. भूसा | | |
| 6. | मैथी | 1. दाना | | |
| | | 2. चारा | | |
| 7. | सौंफ | 1. दाना | | |
| | | 2. चारा | | |

हस्ताक्षर ठेकेदार

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Kumher Bharatpur

Scanned with OKEN Scanner